[ 17/3/2025]

प्रश्न सं. [ क्र. 1449 ]

परिशिष्ट-1

मुकेश टण्डन
विधायक
विधानसभा क्षेत्र विदिशा 144

कार्यालय : शेरपुरा, विदिशा (म.प्र.)
निवास : मुखर्जी नगर, मेन रोड, विदिशा (म.प्र.)
फोन : 07592-232850, 250400
मोबा. : 94251-38333
ई-मेल : mukeshtandon52@gmail.com

क्र. 552

दिनांक 02-12-2024

परिशिष्ट-1

प्रति,

मान0 मुख्यमंत्री महोदय
मध्यप्रदेश शासन भोपाल (म.प्र.)

विषय- विदिशा शहर में स्वीकृत माधवगंज चौक से बजरिया तक 823 लाख के सी.सी. मार्ग के संबंध में।

महोदय,

सबसे पहले मेरे प्रस्ताव पर आपके द्वारा उपरोक्त मार्ग की स्वीकृति के लियें बहुत बहुत धन्यवाद ।

उपरोक्त विषयांतर्गत सादर आग्रह है कि इस मार्ग के निर्माण को लेकर नगर विदिशा के व्यापारियों एवं दुकानदारों में विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां एवं शंकायें व्याप्त हो रही हैं जैसे कि निर्माण में काफी लम्बा समय लगेगा जिससे उनका व्यापार सड़क बंद होने के कारण चौपट हो जायेगा, आदि अनेक प्रकार की समस्यायें खड़ी हो जाने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस प्रकार की अनेक भ्रांतियो का निराकरण करने के लिये राज्य स्तर के उच्च अधिकारी एवं एक्सपर्ट इंजीनियरों को विदिशा भेजकर उक्त मार्ग का निर्माण आधुनिक पद्वति से कराये जाने हेतु नगर के गणमान्य व्यापारियों के साथ बैठक कर पूरी तरह से उन्हें संतुष्ट कराया जावे। यदि इसके बाद भी व्यापारी गण संतुष्ट नहीं होते तो उपरोक्त सी.सी.मार्ग को परिवर्तित कर डामरीकरण का प्राक्कलन बनवाकर नये सिरे से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करेंगे।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का सादर अनुरोध है।

भवदीय

(मुकेश टण्डन)
विधायक विदिशा (म.प्र.)

प्रतिलिपी :- माननीय श्री राकेशसिंह जी मंत्री लोकनिर्माण विभाग म.प्र.शासन भोपाल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर बहुत बहुत धन्यवाद ।

भवदीय

Sd/-
(मुकेश टण्डन)
विधायक विदिशा (म.प्र.)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल